Roll No.

# H-19940

## कक्षा 9 वीं परीक्षा, 2018–19

# HINDI GENERAL

## हिन्दी सामान्य

[Total No. of Questions: 28]
[Time: 03 Hours]

[Total No. of Printed Pages: 8]
[Maximum Marks: 100]

*निर्देश –*

(i) *सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

(ii) *प्रश्न क्र. 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिए 1–1 अंक निर्धरित हैं।*

(iii) *प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक के लिए दो – दो अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द।*

(iv) *प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक प्रत्येक प्रश्न के लिये 3–3 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 50 शब्द।*

(v) *प्रश्न क्रमांक 22 से 24 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 4–4 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 75 शब्द।*

(vi) *प्रश्न क्रमांक 25 से 27 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 5–5 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 120 शब्द।*

(vii) *प्रश्न क्रमांक 28 के लिए (7+3) 10 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 200 से 250 शब्द।*



https://www.evidyarthi.in/

प्र.1 उचित शब्दों का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – (1×5=5)

(i) टेलीफोन पाठ एक..............................लेख है। (व्यंग्य/ संकलित)

(ii) 'न्यायमंत्री' पाठ के लेखक ..............................हैं। (सुरेशचंद्र शुक्ल/ सुदर्शन)

(iii) 'साखियाँ' के रचयिता..............................हैं। (कबीरदास/ रसखान)

(iv) 'मृत्तिका' रचना एक..............................है। (कहानी/ कविता)

(v) 'दुःख' का विलोम..............................है। (सुख/ आनंद)

प्र.2 निम्नलिखित कथनों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए – (1×5=5)

(i) वृक्ष से हमें शिक्षा मिलती है –

(अ) फल देने की (ब) फूल देने की

(स) परोपकार की (द) हवा देने की

(ii) उन्नति का आधार............भाषा है।

(अ) राष्ट्रभाषा (ब) मातृभाषा

(स) राजभाषा (द) विभाषा

(iii) बेटी का परिचय सबसे अच्छा दे सकता है –

(अ) पिता (ब) माता

(स) दादा (द) दादी

(iv) कुल्लू में प्रतिवर्ष मेला लगता है –

(अ) दशहरा पर (ब) दीपावली पर

(स) होली पर (द) रक्षाबंधन पर

(v) दयालु शब्द में प्रत्यय है –

(अ) द (ब) दया

(स) लु (द) यालु

प्र.3 निम्नलिखित कथनों में सत्य/ असत्य का चयन कर लिखिए – (1×5=5)

(i) "धनुष की प्रत्यंचा" वीर रस की कविता है।

(ii) नरेश मेहता की साहित्य कर्मस्थली मध्यप्रदेश थी।

(iii) भक्तिकाल को हिन्दी साहित्य का स्वर्णयुग कहते हैं।

(iv) जॉली एक बिल्ली का नाम था।

(v) साधु का स्वभाव स्वार्थी होता है।



https://www.evidyarthi.in/

प्र.4 स्तंभ 'क' का स्तंभ 'ख' से मिलान कर सही जोड़ी लिखिए – (1X5=5)

| स्तम्भ 'क' | | स्तम्भ 'ख' |
|---|---|---|
| (i) सुभद्राकुमारी चौहान | – | लहरतारा |
| (ii) कबीरदास | – | प्रयाग |
| (iii) प्रेमचंद | – | पंजाब |
| (iv) रसखान | – | लमही |
| (v) सुदर्शन | – | दिल्ली |

प्र.5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए – (1X5=5)

(i) कृष्ण भक्ति शाखा के मुख्य प्रवर्तक कौन हैं?

(ii) मनाली का नाम किस पक्षी के नाम पर रखा गया है?

(iii) गीता का उपदेश किसने किसको दिया था?

(iv) हिन्दी की प्रथम कहानी कौन सी मानी जाती है?

(v) शिष्य का रक्षा कवच क्या है?

प्र.6 प्रतिष्ठित व्यक्ति व्यस्तता का दिखावा करने के लिए नौकर क्यों रखते हैं? (2)

**अथवा**

सुखराम के तिलक पर घर का वातावरण कैसा था?

प्र.7 मनुष्य कब देव तुल्य बन जाता है? (2)

**अथवा**

मेहमान की वापसी कहानी का उद्देश्य क्या है?

प्र.8 भक्तिकाल को कितनी शाखाओं में विभाजित किया गया है? लिखिए। (2)

**अथवा**

वीरगाथा काल के प्रमुख कवि एवं उनकी रचनाओं के नाम लिखिए।

प्र.9 नई कविता किसे कहते हैं? (2)

**अथवा**

नाटक एवं एकांकी में अंतर लिखिए।



https://www.evidyarthi.in/

प्र.10 उपसर्ग तथा प्रत्यय में क्या अंतर है? (2)

**अथवा**

निम्नलिखित शब्दों में प्रत्यय छाँटकर अलग कीजिए –

(i) सूनापन

(ii) शक्तिमान

(iii) धनवान

(iv) बचत

प्र.11 तत्सम शब्द क्या है? उदाहरण सहित लिखिए। (2)

**अथवा**

तद्भव शब्द क्या है? उदाहरण सहित लिखिए।

प्र.12 निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए – (2)

(i) लोक

(ii) स्वार्थ

(iii) सम्मान

(iv) निर्जीव

**अथवा**

निम्नलिखित शब्दों के दो – दो पर्यायवाची शब्द लिखिए –

(i) आकाश

(ii) अग्नि

प्र.13 निम्नलिखित शब्दों के अनेकार्थी शब्द दो–दो अलग–अलग लिखिए – (2)

(i) कर

(ii) अंक

**अथवा**

वर्तनी शुद्ध करके लिखिए –

(i) अनुसाशन

(ii) उमीदवार

(iii) वयवहार

(iv) धारामिक



https://www.evidyarthi.in/

प्र.14 निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए – (कोई दो) (2)

(i) जिसे क्षमा न किया जा सके।

(ii) जहाँ पहुँचना कठिन हो।

(iii) दूसरों पर आश्रित रहने वाला।

(iv) जो दिखाई न दे।

**अथवा**

निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए – (कोई दो)

(i) कन्धा देना

(ii) अक्ल पर पत्थर पड़ना

(iii) अन्धे की लाठी

(iv) कान भरना

प्र.15 निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए – (कोई दो)

(i) मैने हस्ताक्षर कर दिया।

(ii) श्रीकृष्ण के अनेको नाम हैं।

(iii) उसे मृत्यु दण्ड की सजा मिली।

(iv) आँख से आँसू बहता है।

**अथवा**

देशज शब्द किसे कहते हैं? लिखिए।

प्र.16 'वरदान माँगूंगा नहीं' पाठ से क्या शिक्षा मिलती है? (3)

**अथवा**

नदी और वृक्ष से हमें क्या शिक्षा मिलती है?

प्र.17 कौए को भाग्यशाली क्यों कहा गया है? (3)

**अथवा**

'बिन निज भाषा–ज्ञान के मिटत न हिय को धूल" इस पंक्ति में निहित भाव को स्पष्ट कीजिए।

प्र.18 पद्माकर का बसंत वर्णन अद्वितीय है, कारण लिखिए। (3)

**अथवा**

श्रीकृष्ण के बाल रूप का वर्णन कीजिए।



https://www.evidyarthi.in/

प्र.19 अच्छे मित्र के गुण लिखिए। (3)

**अथवा**

सेल्यूकस ने कुटिया में क्या–क्या देखा?

प्र.20 भारत माता को महाराणा प्रताप से क्या क्या अपेक्षाएं थीं? (3)

**अथवा**

गुणवन्ती शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए।

प्र.21 बसु विज्ञान मंदिर की स्थापना का क्या उद्देश्य था? (3)

**अथवा**

एक दीपक बुझाकर दूसरे दीपक को जलाने के पीछे चाणक्य का क्या तर्क था?

.22 "बालिका का परिचय" कविता का सारांश लिखिए। (4

**अथवा**

कवि ने किस जीवन को श्रेष्ठ माना है, और क्यों?

.23 लेखक ने विश्वास पात्र मित्र को खजाना, औषधि और माता जैसा कहा है। इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। (4)

**अथवा**

संतोष का सेतु जब टूट जाता है, तब इच्छा का बहाव अपरिमित हो ज़ाता है। इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

प्र.24 निम्नलिखित पद्यांश की व्याख्या संदर्भ, प्रसंग एवं विशेष सहित लिखिए– (4)

इक भाषा इक जीव इक मति सब घर के लोग।
तबै बनत है सबन सों, सब मूढ़ता सोग।।

**अथवा**

यह मेरी गोदी की शोभा,
सुख सोहाग की है लाली।
शाही शान भिखारन की है,
मनोकामना मतवाली।

https://www.evidyarthi.in/

प्र.25 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (5)

स्वार्थ और परमार्थ मानव की दो प्रवृत्तियाँ हैं। हम अधिकतर सभी कार्य अपने लिए करते हैं। "पर" के लिए सर्वस्व बलिदान करना ही सच्ची मानवता है। यही धर्म है, यही पुण्य है, उसे ही परोपकार कहते हैं। प्रकृति हमें निरंतर परोपकार का संदेश देती है। नदी दूसरों के लिए बहती है। वृक्ष मनुष्य को छाया तथा फल देने के लिए ही धूप, आँधी, वर्षा और तूफानों को सहते हुए अपना सब कुछ बलिदान कर देते हैं।

प्रश्न –

(i) सच्ची मानवता क्या है?

(ii) उपुर्यक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

(iii) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

प्र.26 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (5)

द्विज सा देव प्रिय चाण्डाल
यदि वह है स्ववृति व्रतपाल
नहीं वित्त विद्या अनिवार्य
वृत बनाता है बस आर्य
दीपक से भी कज्जल जात
और पंक से भी जल गात
एक डाल में काँटे फूल
जाति नहीं, गुण मंगल मूल।
मनुष्यता होती है विकसित।

प्रश्न –

(i) उपुर्यक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) उपर्युक्त पद्यांश का भाव स्पष्ट कीजिए।



https://www.evidyarthi.in/

प्र.27 अपने घनिष्ठ मित्र को बहन की शादी में आमंत्रित करने के लिए पत्र लिखिए। (5)

**अथवा**

अपनी शाला के प्राचार्य को अपनी अस्वस्थता का कारण बताते हुए तीन दिन के अवकाश हेतु आवेदन पत्र लिखिए।

प्र.28 (अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 200 शब्दों में सारगर्भित निबंध लिखिए – (7)

(i) वृक्षारोपण

(ii) समाचार–पत्र

(iii) हमारे राष्ट्रीय पर्व

(iv) जीवन में खेलों का महत्व

(v) नारी शिक्षा

(ब) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध की रूपरेखा लिखिए – (3)

(i) पर्यावरण प्रदूषण

(ii) जल ही जीवन है

(iii) पुस्तकालय का महत्व

(iv) विद्यार्थी जीवन

..........................................



https://www.evidyarthi.in/